भारत सरकार

सहकारिता मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3553

10 अगस्त, 2021 को उत्तरार्थ

विषय: धारा 35क के तहत नोटिस

3553. श्री तेजस्वी सूर्या:

क्या सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान बैंककारी विनियमन अधिनियम की धारा 35क के तहत वर्ष-वार कितने सहकारी बैंकों को नोटिस दिया गया और ऐसे बैंकों के नाम क्या हैं;

(ख) देश में सहकारी बैंकों के संबंध में वर्तमान नीतिगत रूपरेखा क्या है;

(ग) देश में सहकारी बैंकों की संरचना और बैंकिंग कार्यों में सुधार के लिए 2014 से अब तक किए गए सुधारों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार जमीनी स्तर पर बैंकिंग जरूरतों को पूरा करने में सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के महत्व को देखते हुए इस क्षेत्र में किसी ठोस सुधार/संशोधन पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)

(क): 1 जनवरी**, 2019** से**, 23** शहरी सहकारी बैंकों को बैंकिंग विनियमन अधिनियम**, 1949** की धारा **56** के साथ पठित धारा **35**ए के तहत निदेशों के तहत रखा गया है। वर्ष-वार डेटा अनुबंध **1** में प्रस्तुत किया गया है। तथापि, पिछले तीन वर्षों में किसी भी राज्य सहकारी बैंक (एसटीसीबी) / जिला सहकारी बैंक (डीसीसीबी) को सहकारी समितियों (एएसीएस) पर लागू बैंकिंग विनियमन अधिनियम**, 1949** की धारा **35** ए के तहत ऐसा कोई नोटिस नहीं दिया गया है।

(**ख)**: राज्य सहकारी बैंकों/जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों को बैंकिंग विनियमन अधिनियम**, 1949** **(**एएसीएस) के प्रावधानों के तहत आरबीआई द्वारा विनियमित किया जाता है। इसके अलावा**,** चूंकि सहकारी बैंकों को सहकारी समितियों के रूप में समविष्ट किया गया है**,** संबंधित मामलों को राज्य/केंद्र सरकार द्वारा उन नियमों के अंतर्गत विनियमित किया जा रहा है। राज्य सहकारी बैंकों/जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों का बैंकिंग विनियमन अधिनियम**, 1949** **(**एएसीएस) की धारा **35 (6)** के प्रावधानों के तहत नाबार्ड द्वारा समय-समय पर निरीक्षण किया जा रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक बैंकिंग विनियमन अधिनियम**, 1949** **(**एएसीएस) के

प्रावधानों के तहत राज्य सहकारी बैंकों और जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों को अनुदेश, परिपत्र, दिशा-निर्देश और अधिसूचना जारी करता है।

(ग) और (घ): देश में वर्ष **2014** के बाद से सहकारी बैंकों की संरचना और बैंकिंग कार्यों में सुधार करने के लिए किए गए सुधारों के बारे में विवरण निम्नलिखित हैं:

1. सहकारी बैंकों को **31** मार्च **2015** तक अनवरत आधार पर न्यूनतम जोखिम पूंजी भारित आस्तियों (सीआरएआर) की **7** प्रतिशत और **31** मार्च **2017** तक **9** प्रतिशत प्राप्त करने के लिए एक रोडमैप प्रदान किया गया था। इसके अलावा, एसटीसीबी/डीसीसीबी को शर्तों के अध्यधीन दीर्घकालिक (अधीनस्थ) जमा (एलटीडी) और अभिनव स्थायी ऋण लिखत (आईपीडीआई) जारी करने की अनुमति दी गई थी।

2. बी.आर. अधिनियम, **1949 (**एएसीएस**),** सीआरआर और वैधानिक तरलता अनुपात (एसएलआर) के संशोधनों के अनुसरण में वर्ष **2014** में सभी सहकारी बैंकों को अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के बराबर लाया गया।

3. एसटीसीबी और डीसीसीबी को वर्ष **2017** तक चरणबद्ध तरीके में अपने वैधानिक तरलता अनुपात (एसएलआर) सावधि जमा को अनुमोदित प्रतिभूतियों में बदलने की अनुमति दी गई थी।

4. बैंकिंग विनियमन (संशोधन) अधिनियम, **2020 (2020** का **39)** राज्य सहकारी बैंकों (एसटीसीबी) और जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों (डीसीसीबी) के लिए **1** अप्रैल, **2021** से अधिसूचित किया गया था। संशोधन जमाकर्ताओं के हितों की रक्षा करता है और शासन और निगरानी में सुधार करके सहकारी बैंकों को सुदृढ़ करता है ।

<u>अनुबंध-**1**</u>

<u>बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 56 के साथ पठित धारा 35ए के तहत निदेशों के तहत रखे गए सहकारी बैंकों की सूची</u>

वर्ष	यूसीबी की संख्या	यूसीबी का नाम
2019	15	• श्री भारती को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड, हैदराबाद • युवा विकास सहकारी बैंक लिमिटेड, कोल्हापुर • भाग्योदय फ्रेंड्स अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, वरुद, अमरावती • डॉ. शिवाजीराव पाटिल निलंगेकर अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, नीलांगा • बीदर महिला अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, बीदर • हिंदू सहकारी बैंक लिमिटेड, पठानकोट, पंजाब • भीमावरम अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, हैदराबाद • मुधोल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, मुधोल, कर्नाटक • मडगाम अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड गोवा • शिवाजीराव भोसले सहकारी बैंक लिमिटेड पुणे • मिलथ अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, देवनगेरे, कर्नाटक • केरल मर्केंटाइल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड कोझीकोड • श्री आनंद को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड चिंचवड़, पुणे • कोलकाता महिला सहकारी बैंक लिमिटेड कोलकाता, पश्चिम बंगाल • • पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, मुंबई
2020	4	• श्री गुरुराघवेंद्र सहकारा बैंक नियमिता, बेंगलुरु, कर्नाटक • पीपुल्स को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, कानपुर • करनालानगरी सहकारी बैंक लिमिटेड; पनवेल • मंथा अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड मंथा, जालना
2021 (5 अगस्त 2021 तक)	4	• सरजेरोदादा नाइक शिराला सहकारी बैंक लिमिटेड शिराला • इंडिपेंडेंस को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, नासिक • डेक्कन अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, विजयपुरा, कर्नाटक • गढ़ा सहकारी बैंक लिमिटेड, गुना, मध्य प्रदेश

******